# झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
# सर्कुलर रोड, राँची

## प्रेस विज्ञप्ति

**राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, झारखण्ड, राँची में सहायक निदेशक/वरीय वैज्ञानिक पदाधिकारी के विभिन्न पदों पर नियुक्ति परीक्षा (विज्ञापन संख्या–06/2021) के संबंध में आवश्यक सूचना।**

झारखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित झारखण्ड सहायक निदेशक/वरीय वैज्ञानिक पदाधिकारी के पद पर नियुक्ति परीक्षा (विज्ञापन संख्या–06/2021) के लिखित परीक्षा में औपबंधिक रूप से सफल अभ्यर्थियों का दिनांक–12.03.2022 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अभिलेख सत्यापन एवं दिनांक–14.03.2022 को पूर्वाह्न 09:00 बजे से साक्षात्कार कार्यक्रम निर्धारित की गई है।

2. साक्षात्कार हेतु औपबंधिक रूप से सफल अभ्यर्थी निर्धारित कार्यक्रम एवं समयानुसार अभिलेख सत्यापन एवं साक्षात्कार हेतु आयोग कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

3. अभिलेख सत्यापन एवं साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र (Call letter) डाक द्वारा नहीं भेजे जायेंगे। औपबंधिक रूप से स्वीकृत अभ्यर्थी आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर उपलब्ध सूची के अनुसार दिनांक–07.03.2022 से अपना रजिस्ट्रेशन नंबर एवं जन्म तिथि डालकर अभिलेख सत्यापन एवं साक्षात्कार हेतु बुलावा पत्र (e-Call Letter) डाउनलोड कर सकते हैं। बुलावा पत्र (e-Call Letter) डाउनलोड करने में कोई असुविधा होने पर आयोग के हेल्पलाईन नं0–+919431301419/+919431301636 पर कार्यदिवस में पूर्वाहन्–11:00 बजे से अपराह्न–5:00 बजे तक सम्पर्क कर सकते है।

4. अभ्यर्थियों को अभिलेख सत्यापन के दौरान ऑनलाईन आवेदन में अंकित प्रविष्टि एवं तदनुसार समर्पित प्रमाण पत्रों के अनुरूप निम्न प्रमाण पत्रों की मूल प्रति एवं स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति 02 (दो) प्रतियों में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा :–

(i) मैट्रिक प्रमाण–पत्र एवं अंक पत्र की छायाप्रति।

(ii) इंटरमीडिएट प्रमाण–पत्र एवं अंक पत्र की छायाप्रति।

(iii) विज्ञापित पद से संबंधित शैक्षणिक अर्हत्ता(स्नातकोत्तर) प्रमाण–पत्र एवं अंक–पत्र की छायाप्रति।

(iv) विज्ञापित पद से संबंधित शैक्षणिक अर्हत्ता(स्नातक) प्रमाण–पत्र एवं अंक–पत्र की छायाप्रति।

(v) किसी राज्य अथवा भारत सरकार के विधि विज्ञान प्रयोगशाला/विश्वविद्यालय/कॉलेज के प्रयोगशाला/शोध संस्थान में संबंधित विषय में दो वर्षों का कार्य करने का अनुभव प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।

(vi) राज्य सरकार/भारत सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थान से कम्प्यूटर का सर्टिफिकेट कोर्स (कम से कम छः माह का Diploma in Computer Application) प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।

(vii) जाति प्रमाण–पत्र (BC-I एवं BC-II अभ्यर्थियों के लिए Non-Creamy layer प्रमाण पत्र सहित)/E.W.S. प्रमाण–पत्र की छायाप्रति (जहाँ लागू हो)।

(viii) मेडिकल बोर्ड द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण–पत्र की छायाप्रति (जहाँ लागू हो)।

(ix) अनापत्ति प्रमाण–पत्र (जहाँ लागू हो)।

(x) दो पासपोर्ट साईज का रंगीन अद्यतन फोटोग्राफ।

कृ0पृ0उ0

5. अभिलेख सत्यापन के दौरान उक्त कंडिकाओं में उल्लेखित सभी प्रमाण पत्र मूल रूप में प्रस्तुत नहीं करने पर अभ्यर्थिता रद्द कर दी जायेगी।
6. वैसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा एक से अधिक पद हेतु आवेदन किया गया है, तथा एक विषय की परीक्षा में शामिल होकर एक से अधिक पदों के लिए में औपबंधिक रूप से सफल घोषित किये गये हैं, उनके द्वारा ही अधिमानता प्रपत्र में अधिमानता क्रमानुसार अंकित किया जायेगा। अधिमानता संबंधी विहित प्रपत्र आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध है। ऐसे अभ्यर्थी साक्षात्कार में एक बार ही शामिल होंगे तथा उनके द्वारा साक्षात्कार में प्राप्त अंक, मुख्य परीक्षा में प्राप्त अंक तथा अंकित अधिमानता के आधार पर उनका अंतिम परीक्षाफल प्रकाशित होगा।
7. अभिलेख सत्यापन हेतु अभ्यर्थिता पूर्णतः औपबंधिक है। अभिलेख सत्यापन के दौरान अभ्यर्थियों द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रमाण पत्रों/अभिलेखों के आधार पर अभ्यर्थिता निर्धारित की जायेगी।
8. अभिलेख सत्यापन/साक्षात्कार कार्यक्रम हेतु निर्धारित समयानुसार अभ्यर्थियों को आयोग परिसर में प्रवेश की अनुमति दी जायेगी। सभी अभ्यर्थी Covid-19 को देखते हुए सरकार द्वारा निर्गत सुरक्षा संबंधी दिशा–निर्देश यथा मास्क पहनना, हैंडगलप्स पहनना, हैंडसेनिटाइज करना एवं सामाजिक दूरी आदि का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे। साथ ही हैंडसेनीटाइजर की छोटी शीशी अपने उपयोग हेतु साथ में रखेंगे।
9. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर भी उपलब्ध है।

ह0/–
परीक्षा नियंत्रक,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग,राँची।

**राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला, झारखण्ड, राँची में सहायक निदेशक/वरीय वैज्ञानिक पदाधिकारी के विभिन्न पदों पर नियुक्ति परीक्षा (विज्ञापन संख्या–06/2021) हेतु पद अधिमानता प्रपत्र।**

1.

| | |
|---|---|
| Name | |
| Registration Numbers | |
| Name of the posts in which applied | |
| Roll Number | |
| Category (UNR/ST/SC/BC-I BC-II) | |

2.

| क्र0 सं0 | पद का नाम एवं कोड संख्या | अधिमानता क्रम |
|---|---|---|
| 1 | | |
| 2 | | |
| 3 | | |
| 4 | | |
| 5 | | |

**Note:-Merit List will be prepared on the basis of marks obtained in written exam and interview for all the posts in which you qualify. Preference will be applicable only for the post in which the candidate has qualified for interview.**

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर :–

हिन्दी :–

अंग्रेजी :–

दिनांक :–